# **प्रेस नोट थाना खजनी गोरखपुर दिनांक 13.08.2026***

## मिशन शक्ति टीम द्वारा सड़क पर गिरे हुए बैग (जिसमें आभूषण व नगदी थे) को सकुशल संबंधित महिला को सुपुर्द किया गया

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खजनी के नेतृत्व में थाना स्थानीय की मिशन शक्ति टीम द्वारा रास्ते पर मिले बैग जिसमें सोने के आभूषण नगदी व अन्य सामान (कुल कीमत करीब 1,25,000 रू0) थे को बैग के स्वामिनी के बारे में जानकारी कर महिला को सकुशल सुपुर्द किया गया।

**विवरण-** एक महिला को रास्ते में एक बैग पड़ा मिला, महिला द्वारा उक्त बैग को क्षेत्र में भ्रमणशील मिशन शक्ति टीम को सुपुर्द किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा बैग खोलकर उसमें रखे कागजातों से महिला के संबंध में जानकारी की गयी। महिला को थाना स्थानीय पर बुलाकर उसे बैग की पहचान करायी गयी तथा सभी सामान सहित महिला को बैग सुपुर्द किया गया।

**संबंधित मिशन शक्ति टीम-**

म0उ0नि0 प्रिती यादव थाना खजनी जनपद गोरखपुर

म0का0 प्रतिमा यादव थाना खजनी जनपद गोरखपुर

का0 इन्द्रजीत यादव थाना खजनी जनपद गोरखपुर